वित्तीय प्रशासन क लिए आपकी मागदशिका

state trustees | Let’s talk.

आपका स्वागत है

विक्टोरिया के लिए सार्वजनिक ट्रस्टी के रूप में हमने दशकों से विक्टोरियावासियों के आर्थिक कल्याण की सुरक्षा और विकास के लिए काम किया है। वर्तमान में हम अपनी वित्तीय प्रशासन सेवाओं के माध्यम से 9,500 से भी अधिक विक्टोरियावासियों के दिन-प्रतिदिन के आर्थिक और कानूनी मामलों में उनकी सहायता करते हैं। हम वित्तीय और कानूनी मामलों को स्वयं प्रबंधित कर पाने में असमर्थ व्यक्तियों के लिए प्रशासक के रूप में कार्य करते हैं। ऐसा व्यक्ति की मानसिक बीमारी, शारीरिक नुकसान या विकलाँगता के कारण हो सकता है।

विक्टोरियाई नागरिक और प्रशासकीय न्यायाधिकरण (वीसीएटी) [Victorian Civil and Administrative Tribunal (VCAT)] ने हमें आपका प्रशासक नियुक्त किया है। आपके प्रशासक के रूप में हमारा कार्य आपके वित्त और संपत्ति के बारे में निर्णय लेना है। हम हमेशा आपके लक्ष्यों को, और आपके लिए क्या महत्वपूर्ण है इसे विचार में रखते हुए कार्य करते हैं।

हम यह सुनिश्चित करते हैं कि:
आपके बिलों, खातों और ऋणों का भुगतान समय पर किया जाता है
आपकी परिसंपत्तियाँ सुरक्षित और संरक्षित हैं (आपकी परिसंपत्तियों में आपकी मूल्यवान संपत्ति और साजो-सामान शामिल होते हैं, उदाहरण के लिए घर, कार और बैंक खाते)
आपको वह पूरी आमदनी मिल रही है, जिसके लिए आप पात्र हैं।

हमारा लक्ष्य आपके पैसों और संपत्ति का प्रबंधन करना है, ताकि आप अपनी इच्छानुसार अपना जीवन जी सकें।

यह मार्गदर्शिका समझाती है कि अगले चरण क्या हैं और आपको हमारे साथ अपनी पहली मुलाकात के लिए तैयारी कैसे करनी चाहिए। हम आपके अक्सर पूछे जाने वाले कुछ प्रश्नों के उत्तर भी देंगे।

शब्दकोष

वीसीएटी

वीसीएटी संरक्षकता और प्रशासन अधिनियम [Guardianship and Administration Act] 2019 के तहत संरक्षकों और प्रशासकों की नियुक्ति करता है। वीसीएटी किसी व्यक्ति के लिए एक संरक्षक, प्रशासक या इन दोनों की नियुक्ति कर सकता है। यदि किसी व्यक्ति के लिए संरक्षक और प्रशासक, दोनों नियुक्त किए जाते हैं तो वे साथ मिलकर कार्य करते हैं।

संरक्षकता और प्रशासन अधिनियम 2019

संरक्षकता और प्रशासन अधिनियम 2019 एक कानून है। यह कानून इस उद्देश्य से हमें मार्गदर्शन देता है कि हमें किस प्रकार से आपके लिए निर्णय लेने चाहिए और आपको समर्थन देने के लिए हमें क्या करने की आवश्यकता है।

इच्छाएँ और प्राथमिकताएँ

आपकी इच्छाएँ और प्राथमिकताएँ आपके लिए और आपके लक्ष्यों के लिए महत्वपूर्ण हैं। हम आपकी इच्छाएँ और प्राथमिकताएँ जानना चाहते हैं, ताकि हम आपके लिए निर्णय लेते समय इनपर अपना ध्यान केंद्रित कर सकें।

प्रशासक

प्रशासक एक व्यक्ति या संगठन होता है, जिसे किसी व्यक्ति के वित्तीय और संपत्ति से संबंधित मामलों के बारे में निर्णय लेने के लिए वीसीएटी द्वारा नियुक्त किया जाता है।

संरक्षक

संरक्षक एक व्यक्ति या संगठन होता है, जिसे किसी व्यक्ति की जीवनशैली से संबंधित मामलों, जैसे आवास या व्यक्ति के कार्यस्थल का प्रबंधन करने के लिए वीसीएटी द्वारा नियुक्त किया जाता है।

एनडीआईएस

राष्ट्रीय विकलाँगता बीमा योजना (एनडीआईएस) विकलाँगता-ग्रस्त लोगों के लिए एक राष्ट्रीय वित्त-पोषण योजना है। यह लोगों को उनकी विकलाँगता-संबंधी आवश्यकताओं में सहायता के लिए धन प्रदान करती है।

हम आपकी सहायता कैसे करेंगे?

आपके आर्थिक मामलों के बारे में निर्णय लेना हमारा काम है, ताकि आप अपनी इच्छानुसार अपना जीवन जी सकें।

हम आपके पैसों का प्रबंधन करके सहायता दे सकते हैं, ताकि आपके सभी बिलों, खातों और ऋणों का भुगतान समय पर किया जा सके और यह भी सुनिश्चित किया जा सके कि आपके पास व्यक्तिगत खर्चे के लिए पैसे बाकी रहें। हम यह भी सुनिश्चित करते हैं कि आपकी सभी परिसंपत्तियाँ सुरक्षित रहें और आपको वह पूरी आमदनी मिलती रहे, जिसके लिए आप पात्र हैं।

बिलों का भुगतान

हम आपके नियमित खातों और आपके पैसों से बिलों का भुगतान करेंगे और प्रत्येक बिल के लिए बजट और योजना भी बनाएँगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आपके पास भुगतान करने के लिए पर्याप्त पैसा है।

यदि आप अपने घर में रहते/रहती हैं, तो हम आपके साथ बैठकर आपके घर के नियमित बिलों के लिए मिलकर बजट बनाएँगे।

हम यह सुनिश्चित करते हैं कि आपको सही आमदनी प्राप्त हो

हमें अक्सर यह देखने को मिलता है कि हमारे कई नए सेवार्थियों को सही पेंशन या अन्य लाभ नहीं मिलते हैं, जिसके लिए वे पात्र हैं।

हम आपकी वर्तमान आय देखकर यह निर्धारित करेंगे कि आपको वह सभी कुछ प्राप्त हो रहा है, जो आपको मिलना चाहिए। हम आपकी पात्रतानुसार अतिरिक्त आमदनी या लाभ मिलने के विषय पर भी कार्य करेंगे। इनमें निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं:

- विदेशी पेंशन, जिसके लिए आवेदन करने में कठिनाई हो रही हो
- सेंटरलिंक से प्राप्त होने वाले कोई भी अतिरिक्त भुगतान, जिनके बारे में आपको पता न हो
- हम सुपरएन्युएशन के लिए दावा कर सकते हैं, जिसके बारे में आपको ध्यान न हो
- रियायतें, जिनके लिए आप पात्र हो सकते/सकती हैं।

हमारे पास सेंटरलिंक, सेनानिवृत्त मामले विभाग [Veterans Affairs Department] और अंतरराष्ट्रीय पेंशन एजेंसियों के साथ काम करने का काफी अनुभव है। हम आपके लिए इन संगठनों से पत्राचार प्राप्त करेंगे और इन भुगतानों को प्राप्त करने के लिए सभी आवश्यक कागजी कार्यवाही पूरी करेंगे।

सुपरएन्युएशन बीमा के लिए दावे जमा करना

यदि आपके पास सुपरएन्युशन है और आपने बीमारी या शारीरिक क्षति के कारण काम करना बंद कर दिया है, तो हो सकता है कि आप संभावित रूप से अपने सुपर के लिए जल्दी आवेदन कर सकें। कई सुपर नीतियों में आपके बीमार पड़ने या शारीरिक क्षति के कारण विकलाँगता-ग्रस्त होने की स्थिति में आर्थिक रूप से आपकी सुरक्षा के लिए बीमा भी शामिल होता है। हम इस बात की जाँच भी करेंगे कि यदि आपने बीमारी या शारीरिक क्षति के कारण काम करना बंद कर दिया है, तो क्या आप पेआउट के लिए दावा करने के/की पात्र हैं।

ऋणों का प्रबंधन

हमारे कुछ नए सेवार्थियों के ऊपर भारी ऋण होते हैं। यह सोचना हमारा काम है कि इन ऋणों का प्रबंधन कैसे किया जाए। हम ऋणदाताओं के साथ व्यवहार कर सकते हैं और ऋण में छूट या चुकौती योजनाओं के बारे में बात कर सकते हैं। इससे संग्रह एजेंसियों के साथ व्यवहार करने के तनाव से मुक्ति में सहायता मिल सकती है।

कानूनी मामलों में सहायता

हम आपके लिए कई प्रकार के कानूनी मामलों की जाँच कर सकते हैं। इनमें निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं:

- यदि आपको किसी कार दुर्घटना में शारीरिक क्षति हुई हो, तो परिवहन दुर्घटना आयोग (टीएसी) [Transport Accident Commission (TAC)] के मुआवज़े के लिए दावा
- यदि आपको कार्यस्थल में शारीरिक क्षति हुई हो, तो वर्ककवर के लिए दावा
- यदि आप विक्टोरिया में अपराध से ग्रस्त हुए/हुई हों, तो अपराध सहायता न्यायाधिकरण [Crime Assistance Tribunal] से अपराध पीड़ितों के लिए दावा
- यदि आप किसी मृत परिसंपत्ति [deceased estate] के अधिक हिस्से के लिए पात्र हों, तो इसके लिए दावा। किसी व्यक्ति की मृत्यु होने के बाद उसकी संपत्ति को मृत परिसंपत्ति कहते हैं।

यदि आप अपने घर में रहते/रहती हैं

हम यह सुनिश्चित करेंगे कि किराए और घर के बिलों जैसे खर्चों का भुगतान किया जाए।

हम आपके साथ मिलकर बजट बनाने के लिए कार्य करेंगे, ताकि आपके पास आवास, उपयोगिताओं, किराने के सामान और यात्रा-व्यय जैसे घरेलू खर्चों के लिए अलग से पैसे हों। हम कपड़े या नए टेलीविजन जैसी अतिरिक्त खरीदारी के लिए एक बचत योजना भी बना सकते हैं। और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि आपको किराए के लिए सही सहायता प्राप्त हो रही है।

यदि आप वृद्ध देखभाल सुविधा में स्थानांतरण कर रहे/रही हैं

वृद्ध देखभाल सुविधा में स्थानांतरण के लिए आपको बांड का भुगतान करना पड़ सकता है। हम यह भी देखेंगे कि क्या आपको किसी संपत्ति या निजी वस्तु को बेचने की आवश्यकता है। हम आपके लिए वित्तीय आकलन दस्तावेज भर सकते हैं, और जहाँ संभव हो बांड भुगतान की कम धनराशि के बारे में बात कर सकते हैं।

हम आपके और आपके परिवार के साथ मिलकर काम कर सकते हैं, ताकि आपके घर की साफ-सफाई की जा सके और आपके सामान को बिक्री के उद्देश्य से तैयार करने के लिए हटाया जा सके।

यदि आप एक वृद्ध देखभाल सुविधा में रहते/रहती हैं

हम नर्सिंग होम फीस, फार्मेसी खातों और अन्य खर्चों के भुगतान का प्रबंधन करेंगे।